# ABSTRACT

The socio-economic positioning of Dalit women in social-order of India, can't be determined without considering the caste category from which they belong and their economic status, both of which goes hand-in-hand. It is very difficult to draw a commonality or generalization about the limitations which they face in different realms of the social order, as many primordial identities like caste, community and sometimes, region crisscross the larger framework into many fragments. Women as a class must be seen, not as a homogeneous category, but rather as individuals from various areas of the populace as per the distinctions in their levels of social presence.

Many a times exclusion may also take the form of cultural marginalization, a process in which certain forms of values, norms, and living ways are accepted as set ideals and respected in the society. Galtung says, when society absorbs a culture which accept the subjugation of a group of people, it becomes structural violence. For example, purity and impurity in terms of caste, domination and subordination in terms of gender takes the form of cultural violence which gets converted into structural violence over a period of time. They are not considered as part of dominant cultural construct of society and are placed at the lower ranking in hierarchically arranged social relations. Thus, the exclusion in cultural terms is imbibed in the social structure. Due to this structural violence against Dalits and Dalit women, they are incapable of participating in economic, social and political processing of society. This denial to participate in social decision-making leads to the relative deprivation in other areas and human poverty. Amartya Sen talks about a different concept of social exclusion. He says that "unfavourable inclusion" in various areas of life through unequal treatment may bring some serious effects as "unfavourable exclusion" would bring. Dalit women are 'unfavourably included' in the socio-economic construct through the differential treatment as they are included in the society to do the jobs which dominant castes do not perform.

Keeping these premises as the basis, the present study looks to analyze comparative elements of women belonging to dalit and non-dalit classifications of the society and locate the relative positioning of Dalit women from three different perspective and these are, the gender construct, the caste construct and the intersectionality of these two. Three primary viewpoints identified with Dalit women's status for example social, economical and political have been the focal points of the present study. The theoretical framework which has been adopted to

comprehend Dalit women's situation, is Dalit discourse and discourse of marginalization and exclusion of Dalit women.

Empirical evidences from the field have been collected with an objective to assess the socio-economic and political positioning of Dalit women in Haryana in general and specifically in Sonipat district, to find out the nature of subjugation and structural violence and the role of the dominant cultural construct for the Dalit women. The Sonipat district is divided into seven blocks. The three blocks have been selected for the study. Purposive Random Sampling methods are being used for the selection of the blocks and villages therein. Areas are chosen according to the proportion of Dalit community in respect to the population there. It includes villages like Pabnera from Murthal block, Haryana Kalan from Sonipat Block, Patti Kalana from Gohana block. These are the villages that have Dalit population above 40%**.** Out of these 3 villages 34 respondents were selected on the basis of purposive random sampling. This study was conducted during the covid-19 period, hence a limited number of respondents can be taken into consideration.

To understand the social construct, the factors which have been chosen by the researcher to study the social positioning of Dalit women, are education and health. For investigating economical viewpoint, researcher has selected participation of Dalit women as agricultural labor, domestic labor and participation in other works. To evaluate the political viewpoint, political participation of Dalit women in State Legislative Assemblies and local bodies has been taken into consideration. Along with that crime rate against Dalit women is also a focal point of the present study.

The present study is a region-based study limited to the cultural construct of three sampled villages of Sonipat district. So, it cannot be applied to the whole of Haryana and cannot be universalized.

The findings of the present study reveal that as far as the economic parameters are concerned, the situation of women in Haryana is quite precarious. However, it emerged from the data that work participation of women in particular spheres is quite less than the male workforce participation. This public and private division of labour hampers the economic status of women in India. But Dalit women along with division of labor between public and private sphere are more deprived because of the division of labor on the caste basis. In all the three sampled villages, women who work as the agricultural labor and domestic worker belong to scheduled castes only. However, no woman from upper caste communities, irrespective of

the fact that many of them belong to poor families, in all the three sampled villages was found to be working as domestic worker or agricultural labour. In villages where Dalit families are wealthy enough, Dalit women would often do such works in which the presence of upper caste women could not be marked. For example, in Patti Kailana village, mostly Dalit families are wealthy enough but it emerged from the field study that Dalit women would help upper caste families as domestic help very often in some functions and during marriages. Whereas in Pabnera village, mostly families are poor including the upper caste families of the village however, it emerged that only Dalit women would be engaged in works such as agricultural labour. Therefore, caste character plays a more significant role in Dalit women’s marginalization than the class character.

It was observed during the field study that due to some historical reasons and economic processes some specific caste communities from schedules castes like Chamars, have been able to uplift their economic status and also trying to uplift their social status in caste hierarchical system. Instead of providing leadership to the other oppressed castes, these economically uplifted caste communities are utilizing their new status in asserting their authority against other scheduled castes. Therefore, as Shah points out, there are Dalits within the Dalits. This multilayered hierarchy within the Dalits itself hampers any unity among themselves. It was even pointed out by many of the respondents in Harsana Kalan village, that Dalits are now fragmented among themselves. This is the reason that upper castes are now more dominating in the village than before. The unbending demeanor against women is supported by the predominant approved patriarchal culture in Haryana which isn't just the trademark elements of upper caste groups regularly called the dominant groups but on the other hand is viewed as amazingly obvious among the educated segments of scheduled castes. For example, in political realm, the presence of Dalit women is negligible on the unreserved seats and on the seats which are reserved for scheduled castes only. It indicates that within scheduled castes the patriarchal construct is even more stringent because of low literacy rate and this implies double subjugation on Dalit women.  Dalit women therefore, have to face multiple exclusion because of caste, class and patriarchy.

# सार

भारत की सामाजिक-व्यवस्था में दलित महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का निर्धारण उनकी संबंधित जाति और आर्थिक स्थिति पर विचार किए बिना नहीं किया जा सकता है, क्योंकि ये दोनों ही कारक एक दूसरे के पूरक हैं। सामाजिक व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं जिस प्रकार के भेदभाव का सामना करती हैं, उसका सामान्यीकरण करना बहुत मुश्किल है, क्योंकि महिलाएं एक वर्ग के रूप में जाति, समुदाय और क्षेत्र के आधार पर बंटी हुई हैं। यही एक कारण है कि उन्हें एक सजातीय श्रेणी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि जनसंख्या के सामाजिक वर्गीकरण के अनुसार व्यक्तिगत आधार पर देखा जाना चाहिए।

कई बार सामाजिक बहिष्कार सांस्कृतिक रूप पिछड़े होने का कारण भी बन सकता है। सांस्कृतिक पिछड़ापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें निर्धारित मूल्यों, मानदंडों और जीवन जीने के तरीकों को समाज में निर्धारित आदर्शों के रूप में स्वीकार किया जाता है और उनका ही सम्मान किया जाता है। गाल्टुंग कहते हैं कि जब समाज एक ऐसी संस्कृति को अपना लेता है जो लोगों की सामूहिक अधीनता को स्वीकार करती है, तो यह संरचनात्मक हिंसा का रूप ले लेती है। उदाहरण के लिए, जाति के संदर्भ में शुद्धता और अशुद्धता, लिंग के संदर्भ में वर्चस्व और अधीनता सांस्कृतिक हिंसा का रूप ले लेती है, जो समय के साथ संरचनात्मक हिंसा में परिवर्तित हो जाती है। दलितों और महिलाओं को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा ना मान कर उन्हें सामाजिक वर्गीकरण के सबसे निचले स्तर पर रखा जाता है। इस प्रकार, सांस्कृतिक दृष्टि से अपवर्जन सामाजिक संरचना का हिस्सा बन जाता है। दलितों और दलित महिलाओं के खिलाफ इस संरचनात्मक हिंसा के कारण, वे समाज के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रसंस्करण में भाग लेने में भी असमर्थ हैं। सामाजिक निर्णय निर्माण प्रक्रिया में भाग न लेने के कारण दलित गरीबी और जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सापेक्षित रुप से अभाव ग्रस्त हैं। अमर्त्य सेन सामाजिक बहिष्कार की एक अलग अवधारणा के बारे में बात करते हैं। उनका कहना है कि "प्रतिकूल बहिष्करण" की तुलना में "प्रतिकूल समावेश" असमान व्यवहार के माध्यम से जीवन के विभिन्न क्षेत्रों पर अत्यंत गंभीर प्रभाव डाल सकता है। दलित महिलाओं को विभेदक व्यवहार के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक निर्माण प्रक्रिया में 'प्रतिकूल रूप से शामिल' किया जाता है, उन्हें समाज में उन कार्यों को करने के लिए दिया जाता है जो उच्च जाति की महिलाएं नहीं करती हैं।

प्रस्तुत अध्ययन में इन्हीं मानकों को आधार मानकर समाज की दलित और गैर-दलित महिलाओं के तुलनात्मक तत्वों का विश्लेषण किया गया है और तीन अलग-अलग दृष्टिकोणों, लिंग, जाति और इन

दोनों के प्रतिच्छेदन के आधार पर दलित महिलाओं की सापेक्ष स्थिति का पता लगाया गया है। वर्तमान अध्ययन में दलित महिलाओं की स्थिति के विश्लेषण के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोणों को मद्देनजर रखा गया है। दलित महिलाओं की स्थिति को समझने के लिए दलितों और दलित महिलाओं से संबंधित साहित्य की समीक्षा की गई है।

हरियाणा और विशेष रूप से सोनीपत जिले में दलित महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से क्षेत्र से अनुभवजन्य साक्ष्य एकत्र किए गए हैं, ताकि दलित महिलाओं की अधीनता और संरचनात्मक हिंसा की प्रकृति का पता लगाया जा सके। सोनीपत जिले को सात ब्लॉकों में बांटा गया है। अध्ययन के लिए तीन ब्लॉकों का चयन किया गया है। ब्लॉकों एवं ग्रामों के चयन हेतु उद्देश्यपूर्ण यादृच्छिक प्रतिचयन विधियों का प्रयोग किया गया है। गाँवों की कुल जनसंख्या में दलित समुदाय के अनुपात के आधार पर क्षेत्रों का चयन किया गया है। इसमें मुरथल ब्लॉक के पबनेरा, सोनीपत ब्लॉक से हरियाणा कलां, गोहाना ब्लॉक से पट्टी कलाना गांव शामिल हैं। ये वो गांव हैं जहां दलित आबादी 40% से ऊपर है। इन 3 गांवों में से 34 उत्तरदाताओं को उद्देश्यपूर्ण यादृच्छिक नमूनाकरण के आधार पर चुना गया था। यह अध्ययन कोविड -19 अवधि के दौरान आयोजित किया गया था, इसलिए उत्तरदाताओं की संख्या सीमित है।

शोधकर्ता ने दलित महिलाओं की सामाजिक स्थिति की संरचना का अध्ययन शिक्षा और स्वास्थ्य के आधार पर किया है। आर्थिक दृष्टिकोण की जांच के लिए, दलित महिलाओं की कृषि श्रम, घरेलू श्रम और अन्य कार्यों में भागीदारी को मानक माना गया है। राजनीतिक दृष्टिकोण का मूल्यांकन करने के लिए राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों में दलित महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को ध्यान में रखा गया है। इसके साथ ही, दलित महिलाओं के खिलाफ अपराध दर भी वर्तमान अध्ययन का केंद्र बिंदु है।

वर्तमान अध्ययन एक क्षेत्र आधारित अध्ययन है जो सोनीपत जिले के तीन चयनित गांवों के सांस्कृतिक निर्माण तक सीमित है। इसलिए, इसे पूरे हरियाणा में लागू नहीं किया जा सकता है और इसे सार्वभौमिक नहीं बनाया जा सकता है।

वर्तमान अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि जहां तक आर्थिक मानकों का संबंध है, हरियाणा में महिलाओं की स्थिति काफी अनिश्चित है। हालांकि, आंकड़ों से यह सामने आया कि विशेष क्षेत्रों में महिलाओं की कार्य भागीदारी पुरुष कार्यबल की भागीदारी से काफी कम है। श्रम का यह सार्वजनिक और निजी विभाजन भारत में महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बाधित करता है। लेकिन सार्वजनिक

और निजी क्षेत्र के बीच श्रम विभाजन के साथ-साथ दलित महिलाएं जाति के आधार पर श्रम विभाजन के कारण अधिक वंचित हैं। उदाहरण के तौर पर लिए गए तीनों गांवों में खेतिहर मजदूर और घरेलू कामगार के रूप में काम करने वाली महिलाएं केवल अनुसूचित जाति से ही संबंधित हैं। हालांकि, तीनों चयनित गांवों में उच्च जाति समुदायों की कोई भी महिला गरीब परिवारों से संबंधित होने के बावजूद भी घरेलू कामगार या खेतिहर मजदूर के रूप में काम नहीं करती है। जिन गांवों में दलित परिवारों की आर्थिक स्थिति अच्छी है, वहां भी दलित महिलाएं अक्सर ऐसे काम करती हैं, जिनमें ऊंची जाति की महिलाओं की उपस्थिति दर्ज नहीं की जा सकती है। उदाहरण के लिए, पट्टी कैलाना गांव में, ज्यादातर दलित परिवार पर्याप्त धनी हैं, लेकिन क्षेत्र अध्ययन से यह सामने आया है कि दलित महिलाएं उच्च जाति के परिवारों को कुछ निर्धारित कार्यों  और विवाह के दौरान अक्सर घरेलू कार्यों में मदद करती हैं। जबकि पबनेरा गाँव में, गाँव के उच्च जाति के परिवारों सहित ज्यादातर परिवार गरीब हैं, लेकिन यह सामने आया कि केवल दलित महिलाएँ ही कृषि श्रम जैसे कार्यों में संलिप्त हैं। इसलिए, दलित महिलाओं के पिछड़ेपन में वर्ग की तुलना में जातीय आधार अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

क्षेत्रीय अध्ययन के दौरान यह देखा गया कि कुछ ऐतिहासिक कारणों और आर्थिक प्रक्रियाओं के कारण अनुसूचित जातियों के कुछ विशिष्ट जाति समुदाय जैसे चमार, अपनी आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने में सक्षम हैं और जाति पदानुक्रमित व्यवस्था में अपनी सामाजिक स्थिति को ऊपर उठाने की कोशिश कर रहे हैं। ये जाति समुदाय अपनी नई स्थिति का प्रयोग अन्य उत्पीड़ित जातियों को नेतृत्व प्रदान करने के बजाय, उन्हीं के खिलाफ अपनी सत्ता का दावा करते हैं। दलितों के भीतर यह बहुस्तरीय पदानुक्रम ही आपस में किसी भी एकता को बाधित करता है। हरसाना कलां गांव के कई उत्तरदाताओं ने भी यह बताया कि दलित अब आपस में बंट गए हैं। यही कारण है कि गांव में अब स्वर्णों का बोलबाला पहले से ज्यादा हो गया है।  हरियाणा में पितृसत्तात्मक संस्कृति का प्रभाव न केवल उच्च जाति समूहों में बल्कि अनुसूचित जातियों के शिक्षित वर्गों में भी देखा जाता है। उदाहरण के लिए, राजनीतिक क्षेत्र में, दलित महिलाओं की उपस्थिति अनारक्षित सीटों पर और अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित सीटों पर नगण्य है। यह इंगित करता है कि अनुसूचित जातियों के भीतर कम साक्षरता दर के कारण पितृसत्तात्मक सोच और भी अधिक कठोर है और इसका अर्थ है, दलित महिलाओं पर दोहरी अधीनता। इसलिए दलित महिलाओं को जाति, वर्ग और पितृसत्ता के कारण बहु- स्तरीय बहिष्कार का सामना करना पड़ता है।